UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 13 जंगल (मंजरी)

प्रश्न-अभ्यास

कुछ करने को

प्रश्न 1.
दिए गये शब्दों के बहुवचन लिखिएउपवन
उत्तर :

उपवन	– उपवनों	बीमारी	– बीमारियाँ	पक्षी	– पक्षियों
पशु	– पशुओं	प्रश्न	– प्रश्नों	सोफा	– सोफे
तोता	– तोते	चिड़िया	– चिड़ियाँ।		

प्रश्न 2.
दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार (÷) लगाकर उन्हें दोबारा लिखिए
उत्तर :

अबर	- अंबर	आटी	- आंटी	जगल	- जंगल
नही	- नहीं	पख	- पंख	पिजर	- पिंजरे

प्रश्न 3.
दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए
(i) प्रतिक्रिया – खरगोश के बच्चे को जंगल में छोड़ने के सवाल पर पियूष ने अपनी स्पष्ट प्रतिक्रिया दी।
(ii) धमाचौकड़ी – खरगोश के बच्चे दिन भर घर में धमाचौकड़ी मचाते थे।
(iii) सफाचट – खरगोश के बच्चों को बिल्ली कब सफाचट कर जाए, कहना मुश्किल है।
(iv) हमजोली – सोनू और मोनू दोनों हमजोली थे।

विचार और कल्पना|

प्रश्न 1.
शु-पक्षियों को पालना सही है। यदि हाँ तो क्यों और यदि नहीं तो क्यों? अपने विचार लिखिए।
उत्तर :
नहीं, मेरे विचार से पक्षियों को पालना सही नहीं है। कुछ पालतू पशुओं जैसे-गाय, भैंस, कुत्ता, घोड़ा आदि को छोड़कर अन्य जंगली जानवरों को भी पिंजरे में बंद करके रखना अनुचिका है। हमें किसी की स्वतंत्रता छीनने का कोई अधिकार नहीं है।

प्रश्न 2.
यदि आपको पिंजरे में बन्द रखा जाय तो आपको कैसा लगेगा? अपने विचार लिखिए।
उत्तर :

यदि मुझे पिंजरे में बंद करके रखा जाय तो मुझे बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगेगा क्योंकि मुझे स्वतंत्रता पसंद है। किसी भी जीव को पिंजरे में बंद करके नहीं रखना चाहिए। सभी को स्वतंत्रता पसंद है। सभी जीव आजाद रहना चाहते हैं ताकि वो अपनी इच्छानुसार जी सकें। किसी को भी पिंजरे में बंद करके रखना अन्नया है, जुर्म है।

प्रश्न 3.
जानवरों की बीमारियों को डॉक्टर (जानवरों के) कैसे ज्ञात करते हैं? पता करके लिखिए।
उत्तर :
जानवरों की बीमारियों को डॉक्टर उनके हाव-भाव तथा अपने अनुभव द्वारा ज्ञात करते हैं।

कहानी से

प्रश्न 1.
तविषा घबराई हुई क्यों थी? वह मांडवी दीदी से क्यों बात करना चाह रही थी?
उत्तर :
तविषा इसलिए घबराई हुई थी क्योंकि घर में उसी की गलती से खरगोश के बच्चे सोनू की मृत्यु हो गई थी। तविषा यही बात बताने के लिए मांडवी दीदी से बात करना चाहती थी।

प्रश्न 2.
तविषा एवं शैलेश ने क्यों कहा-“फ्लैट में पशु-पक्षी पालना कठिन है?
उत्तर :
तविषा एवं शैलेश पशु-पक्षी पालना नहीं चाहते थे। इसलिए उन्होंने ऐसा कहा।

प्रश्न 3.
मोनू ने दूध के कटोरे को क्यों नहीं छुआ?
उत्तर :
सोनू के मरने से मोनू बहुत दुखी और उदास था। इसलिए उसने दूध के कटोरे को नहीं छुआ।

प्रश्न 4.
पियूष क्यों मोनू को जंगल में वापस छोड़ने के लिए तैयार हो गया?
उत्तर :
पियूष मोनू को जंगल में वापस छोड़ने के लिए इसलिए तैयार हो गया ताकि वह अपने माता-पिता के साथ रह सके।

https://www.evidyarthi.in/